तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026

10 शराब की अवैध बिक्री का विरोध, थाने के समक्ष ...



12 शिक्षिका भारती ने पूर्ण किया क्रियात्मक अनुसंधान ...





## खबर संक्षेप



### शराब खपाने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

**पलारी**। पुलिस ने अवैध शराब सप्लाई नेटवर्क के मुख्य सरगना तक पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्रों में शराब खपाने वाले मुख्य मास्टरमाइंड पिंटू कोसले समेत 2 शातिर को तस्कर गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक राय के निर्देशों पर बैक-टू-बैक कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा है। स्कूटी सवार डिलीवरी बॉय दसरू राम पिता सुकालू राम सायतोड़ा के मेमोरंडम व तकनीकी विश्लेषण से मुख्य सप्लायर पिंटू कोसले 20 वर्ष को को बेनकाब किया गया। आरोपियों से कुल 69 पौवा देशी मसाला शराब, 2 मोबाइल और परिवहन में प्रयुक्त हीरो डेस्टिनी स्कूटी जब्त की गई।

### जिले में अब तक 537.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार** । जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 27 जुलाई तक 537.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 778 मिमी, बलौदाबाजार में 653.7 मिमी, लवन 538.9मिमी, भाटापारा में 489.2 मिमी, कसडोल 492.2 मिमी, पलारी में 500.1 मिमी, सुहेला 433.5 मिमी, सिमगा में 413.6 मिमी एवं सोनाखान 540.7 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 4849.9मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 537.8 मिमी है।

### कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग

**बलौदाबाजार**। जिले में संचालित



सीमेंट कंपनियों द्वारा स्थानीय युवाओं की उपेक्षा किए जाने और कार्यरत स्थानीय श्रमिकों को कथित रूप से नौकरी से हटाए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष एवं बलौदाबाजार विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया है कि जिले की सीमेंट कंपनियां स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के बजाय बाहरी लोगों को प्राथमिकता दे रही हैं। वर्षों से कार्यरत स्थानीय कर्मचारियों को झूठे एवं निराधार आरोप लगाकर योजनाबद्ध तरीके से सेवा से हटाया जा रहा है।

# भाटापारा में एडिशनल एसपी की पोस्टिंग खटाई में, लोगों में निराशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

बलौदाबाजार-भाटापारा संयुक्त जिले के भाटापारा को वरिष्ठ अधिकारी का एक पद एडीशनल एसपी का मिला था, वह छिनता नजर आ रहा है। क्योंकि पिछले दो ढाई वर्ष पूर्व शहर में एडीशनल एसपी की नियुक्ति अलग से की गई थी, जो पांच थाना क्षेत्र व दो पुलिस चौकी का कार्य देख रहे थे। इससे भाटापारा व आसपास थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था व आपराधिक गतिविधियों में नियंत्रण में आसानी हो रही थी। वहीं बीते दिनों यहां पदस्थ एडीशनल एसपी एच.एस. सिदार का तबादला कवर्धा कर दिया गया है। इसके बाद से यहां का एडीशनल एसपी का पद रिक्त हो गया है। सूत्रों के अनुसार अब जिला मुख्यालय में पदस्थ एडीशनल एसपी ही भाटापारा सहित 12 थाना क्षेत्र व 4 पुलिस चौकी का काम देखेंगे। भाटापारा को ढाई तीन वर्ष पूर्व स्वतंत्र रूप से जिले के वरिष्ठ अधिकारी की सौगात मिली थी, वह वापस होती नजर आ रही है। सूत्र बताते हैं कि अब केवल एक ही एडीशनल एसपी पूरे जिले का काम देखेंगे। इसके बाद भाटापारा फिर से एक बार उपेक्षित नजर आ रहा है। जिला के रूप में केवल नाम का टैग लगा है। बड़ी मुश्किल से एक पद पुलिस के बड़े अधिकारी का मिला था, वह भी वापस हो गया। वैसे देखा जाय तो एडीशनल एसपी की पदस्थापना के बाद कानून व्यवस्था में कसावट को भी महसूस किया गया।

### वरिष्ठ अधिकारियों की कमी से भाटापारा की उम्मीदों को झटक




#### स्थायी नियुक्ति की मांग फिर तेज

भाटापारा शहर के लोग भी गौरवान्वित थे, कि यहां भी जिले का वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति से शहर की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ समस्याओं का हल आसानी से होगा, लेकिन अब यह पद भाटापारा के लिए समाप्त हो गया है। यह शहर व क्षेत्रवासियों के लिए पीड़ादायक है। लम्बे समय से पृथक से अपर कलेक्टर की स्थायी नियुक्ति की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक यह मांग पूरी नहीं हो पायी। आज भी वहीं पुरानी प्रणाली चल रही है कि सप्ताह में प्रत्येक गुरुवार को अपर कलेक्टर का कोर्ट लगता है, जहां राजस्व प्रकरण को देखा जाता है। इसके अलावा शेष अन्य कार्यों के लिए बलौदाबाजार जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। ज्ञात हो कि तहसील आफिस परिसर में एडीशनल एसपी और अपर कलेक्टर का अलग से कार्यालय बना हुआ है, किन्तु अधिकारियों की स्थायी नियुक्ति नहीं हो पा रही है और जो नियुक्ति हुई थी, उसे यहां से ▶▶ शेष पेज 10 पर

### जांच के बाद सीबीआई ने कार्रवाई का किया खुलासा

# यूनियन बैंक की शिकायत पर 11.38 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के गौरव पथ स्थित उद्योगपति राजकुमार सराफ के निवास पर शनिवार से रविवार तक चली कार्रवाई को लेकर बनी स्थिति अब काफी हद तक स्पष्ट हो गई है। प्रारंभिक स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर विभिन्न एजेंसियों के नामों की चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन अब उपलब्ध दस्तावेजों से सामने आया है कि यह कार्रवाई सीबीआई द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के आधार पर दर्ज बैंक धोखाधड़ी के प्रकरण से संबंधित थी। सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा ईओबी, कोलकाता द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, धमतरी केपेक्स प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशकों, गारंटर तथा अज्ञात बैंक अधिकारियों के खिलाफ बैंक ऋण में कथित अनियमितता और धोखाधड़ी की जांच की जा रही है। मामले की शुरुआत अप्रैल 2023 में स्वीकृत 15 करोड़ की एक्सपोर्ट पैकिंग क्रेडिट सुविधा से हुई, जो वर्ष 2026 में सीबीआई जांच तक पहुंची।

#### खाता घोषित हुआ फ्रॉड

एफआईआर के मुताबिक, बैंक ने आरोप लगाया है कि ऋण राशि का कथित रूप से संबंधित फर्मों और रिश्तेदारों के कारोबार में डायवर्जन किया गया तथा सर्कुलर ट्रांजैक्शन के जरिए खातों का समायोजन किया गया। जुलाई 2024 की विशेष ऑडिट रिपोर्ट में कई अनियमितताओं की ओर संकेत किया गया, जबकि अक्टूबर 2024 में ऋण खाता एनपीए घोषित हुआ। बाद में खाते को फ्रॉड घोषित करते हुए जनवरी 2026 तक 11.38 करोड़ की बकाया राशि दर्ज की गई।



#### भ्रष्टाचार व धोखाधड़ी की जांच शुरू

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक रणधीर कुमार की शिकायत पर 10 जुलाई को सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की विवेचना इंस्पेक्टर सौरभ कुमार सिंह कर रहे हैं।

#### राजकुमार सराफ के निधन की खबर निकली गलत

उल्लेखनीय है कि राजकुमार सराफ वर्तमान में जीवित हैं और स्वास्थ्य कारणों से अन्य शहर में निवासरत बताए जा रहे हैं। उनके संबंध में पूर्व में प्रसारित निधन की सूचना तथ्यात्मक रूप से गलत थी। वहीं, प्रारंभिक चर्चाओं के विपरीत अब तक उपलब्ध आधिकारिक दस्तावेजों में कार्रवाई को ईडी या आयकर विभाग की नहीं, बल्कि सीबीआई की जांच से संबंधित बताया गया है। जांच जारी होने के कारण एजेंसी की ओर से मामले पर विस्तृत आधिकारिक टिप्पणी अभी सामने नहीं आई है।

## महामाया मंदिर में आभूषणों की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





महामाया मंदिर में स्थापित देवी प्रतिमा से सोने के आभूषण चोरी करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए छह सोने के लॉकेट पत्ती तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

- सीसीटीवी फुटेज पर सिटी कोतवाली पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, चोरी के छह सोने के लॉकेट पत्ती बरामद

पुलिस के अनुसार वार्ड 19 निवासी रोहित कुमार साहू ने 26 जुलाई को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जुलाई की सुबह करीब 9.30 से 10.30 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने महामाया मंदिर में स्थापित मूर्ति से पांच पत्ती वाला मंगलसूत्र और एक पत्ती वाला सोने का लॉकेट चोरी कर लिया। शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध की पहचान पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम ▶▶ शेष पेज 10 पर

## तलवार व कटार लहराकर दहशत फैलाया, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर में धारदार हथियार लहराकर आम लोगों में दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक लोहे की धारदार तलवार और एक कटार छुरा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, 26 जुलाई को दोपहर करीब 2.40 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि रायपुर रोड स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान के पास दो युवक अवैध रूप से धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को हथियार सहित पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी असीम डहरिया 27 के पास से एक





लोहे की धारदार तलवार तथा ईश्वर यादव 31 के पास से एक धारदार कटार बरामद हुई। दोनों के विरुद्ध सिटी कोतवाली थाना में धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध ▶▶ शेष पेज 10 पर

## बिजली खंभे के सपोटर तार में आया करंट, हिरण की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

सोनाखान वन परिक्षेत्र के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के ठीक समीप बिजली खंभे के खींचन तार में करंट आने से हिरण की तड़प-तड़पकर मौत हो गई।

इस हादसे के बाद वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश है, विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक और स्थानीय ग्रामीण भी वन विभाग व विद्युत विभाग के खिलाफ लामबंद हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को क्षेत्र में हुई लगातार बारिश के कारण एकलव्य विद्यालय परिसर के पास स्थित बिजली खंभे को सहारा देने के लिए जमीन में बांधे गए खींचन (स्टे) तार में अचानक विद्युत प्रवाह करंट चालू हो गया था। जंगल से भटककर भोजन और पानी की तलाश में विद्यालय



परिसर के आसपास पहुंचे एक हिरण का शरीर जैसे ही इस लोहे के खींचन तार से स्पर्श हुआ उसे जोरदार झटका लगा। करंट इतना तेज था कि हिरण को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वन विभाग की कार्यप्रणाली और घोर लापरवाही पर उठे सवाल, घटना की सूचना मिलने पर बीट गार्ड मुकुल बघेल और वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। वन कर्मियों ने घटनास्थल का मुआयना कर मृत हिरण के शव का पंचनामा तैयार किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि इस हादसे ने वन विभाग के दावों और कार्यशैली की पोल खोलकर रख दी है।

## आंध्रप्रदेश की ऑयल फैक्ट्री में बंधक रहे बलौदाबाजार के 9 मजदूर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

जिला प्रशासन की त्वरित पहल से आंध्रप्रदेश की ऑयल फैक्ट्री में बंधक बनाकर रखे गए जिले के 9 मजदूरों की सकुशल घर वापसी हो गई। सोमवार को सभी मजदूरों ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात कर सुरक्षित वापस लाने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



जानकारी के अनुसार तहसील सोनाखान के ग्राम सोनपुर निवासी संत कुमार रात्रे ने जिला प्रशासन को आवेदन देकर बताया था कि करीब दो माह पहले उनका परिवार और अन्य ग्रामीण रोजगार की तलाश में आंध्रप्रदेश के रेनीगुंटा स्थित एक ऑयल फैक्ट्री में मजदूरी करने गए थे। वहां उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा ▶▶ शेष पेज 10 पर





### ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, कंपनी ने सभी आरोपों को बताया निराधार

# नई एनओसी बिना माइंस में खनन शुरू करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

चंडी पंचायत क्षेत्र स्थित खपराडीह चूना पत्थर माइंस में सीमेंट संयंत्र द्वारा नई माइंस में खनन, क्रशर स्थापना और कन्वेयर लाइन निर्माण शुरू किए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्राम पंचायत ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने ग्रामसभा और ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी लिए बिना ही कार्य प्रारंभ कर दिया है। मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है और प्रभावित गांवों के लोग आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो चंडी सहित आसपास के प्रभावित गांवों के लोग संयुक्त आंदोलन



कर माइंस बंद कराने की रणनीति अपनाएंगे।

वहीं, सीमेंट संयंत्र के माइंस हेड अमित चौहान ने पंचायत के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि चंडी माइंस के लिए वर्ष 2013 में पर्यावरणीय जनसुनवाई के दौरान आवश्यक एनओसी प्राप्त की जा चुकी थी। वर्तमान में उसी स्वीकृत माइंस क्षेत्र में क्रशर निर्माण कार्य किया जा रहा है, इसलिए नई एनओसी की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कंपनी सभी वैधानिक स्वीकृतियों के अनुरूप कार्य कर रही है।

सरपंच सत्यभामा बंछोर ने कहा कि ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड में वर्तमान कार्यों के लिए कोई नई एनओसी उपलब्ध नहीं है। इसलिए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। जिला खनिज अधिकारी ए ▶▶ शेष पेज 10 पर

#### कलेक्टर से लेकर प्रधानमंत्री तक भेजी शिकायत

ग्राम पंचायत चंडी ने 22 जुलाई को कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को भेजे शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि कंपनी ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 तथा पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी करते हुए खनन और निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। शिकायत में ग्रामसभा के प्रस्ताव और ग्राम पंचायत के प्रस्ताव का हवाला देते हुए कहा गया है कि ग्रामसभा एवं पंचायत की विधिवत अनुमति मिलने तक संबंधित माइंस में खनन, क्रशर, कन्वेयर स्ट्रक्चर और अन्य निर्माण कार्य नहीं किए जाने चाहिए। पंचायत ने तत्काल कार्य पर रोक लगाने और पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी भेजी गई है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर एसपी ने लातनाला का किया मुआयना

**बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू और एसपी सुनील शर्मा सोमवार सुबह सारंगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर माधोपाली का दौरा किये, जहां विगत रविवार शाम को नजदीकी ग्राम बड़े घोठला निवासी देवनारायण पटेल और उनकी पत्नी कार से पुल पार करने के दौरान लातनाला के बहाव में बह गए थे। कलेक्टर एसपी ने राज्य आपदा राहत की टीम और ग्रामीणों से कार में सवार पति पत्नी की तलाशी और घटना के संबंध में की जानकारी ली। रविवार को जब घटना घटित हुआ उस समय पुल के नीचे से पानी बह रहा था। इसका वीडियो रिकार्ड मिला है, वहीं चालक द्वारा गाड़ी चलाने के दौरान असावधानी बरती गईं, उस समय वहां मौजूद 6-7 लोगों द्वारा बचाने के बजाय मोबाइल में वीडियो बनाया गया, जिसके कारण दुर्घटना घटित हुई। दुर्घटना के समय तत्काल यदि लोगों द्वारा मदद की जाती तो पति पत्नी को बचाया जा सकता था।

### अनुपयोगी बिजली खंभों को हटाने की मांग



**बलौदाबाजार।** नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद शेख सलमान ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता को आवेदन सौंपकर नगर क्षेत्र में वर्षों से खड़े अनुपयोगी विद्युत पोलों को हटाने तथा बिना स्टे वाले पोलों पर तत्काल स्टे लगाने की मांग की है। शेख सलमान ने कहा कि शहर के कई स्थानों पर ऐसे विद्युत पोल मौजूद हैं, जिनका वर्तमान में कोई उपयोग नहीं है। ये पोल न केवल आम नागरिकों के आवागमन में बाधा बन रहे हैं, बल्कि सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य विकास कार्यों में भी रुकावट पैदा कर रहे हैं। उन्होंने इन अनुपयोगी पोलों को प्राथमिकता के आधार पर हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि नगर के कई क्षेत्रों में विद्युत पोल बिना स्टे के खड़े हैं, जिससे तेज हवा, बारिश या अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों में उनके झुकने अथवा गिरने की आशंका बनी रहती है। इससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है और लोगों के जान-माल को खतरा उत्पन्न हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने विद्युत विभाग से पूरे नगर क्षेत्र का व्यापक सर्वे कर जहां आवश्यकता हो वहां तत्काल स्टे लगाने तथा अनुपयोगी पोलों को हटाकर सुरक्षित एवं व्यवस्थित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को मिलेगा 1.50 लाख तक का कैशलेस इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन आवर के दौरान त्वरित उपचार उपलब्ध कराकर जान बचाने के उद्देश्य से संचालित पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार को कसडोल थाना परिसर में अनुविभाग स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को योजना के तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलुओं की जानकारी दी गई।कार्यशाला में जिला डीआरएम मनोज मांडले ने अधिकारियों को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस और ई-डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट पोर्टल के संचालन का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने पर योजना के तहत 1.50 लाख तक का निःशुल्क (कैशलेस) उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए दुर्घटना की जानकारी पोर्टल पर समयबद्ध एवं सही तरीके से दर्ज करना तथा अस्पतालों से प्राप्त इमरजेंसी अनुरोधों का थाना स्तर पर शीघ्र सत्यापन एवं अनुमोदन आवश्यक है। कार्यशाला में कसडोल, लवन, गिधौरी, गिरौदपुरी, बया, सोनाखान, राजादेवरी सहित पूर्वी अनुविभाग के थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा सभी विवेचकों ने भाग लिया।

### पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कसडोल में अनुविभाग स्तरीय कार्यशाला



#### पुलिस ने की सहयोग की अपील

अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद शुरुआती 60 मिनट, जिन्हें गोल्डन आवर कहा जाता है, घायल की जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। पीएम राहत योजना का उद्देश्य यही है कि गंभीर घायलों को बिना किसी आर्थिक या प्रशासनिक बाधा के तत्काल बेहतर उपचार मिल सके। पुलिस विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों को बिना विलंब निकटतम अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें। शासन और पुलिस पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### कार्रवाई के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# शराब की अवैध बिक्री का विरोध, थाने के समक्ष सरपंच और क्षेत्रवासी का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



जनपद पंचायत सिमगा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कथित रूप से बढ़ रही अवैध शराब बिक्री के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच थाना सिमगा के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के कई गांवों एवं क्षेत्र के होटल ढाबों में लंबे समय से अवैध रूप से देशी एवं अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि अवैध शराब के कारण गांवों में आए दिन विवाद, मारपीट और पारिवारिक कलह जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शराब की आसान उपलब्धता से बच्चों और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। धरना-प्रदर्शन में जोहार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकांत यदु, रमेश सोनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया, जोहार पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यदु, बनसांकरा सरपंच राहुल सिंह ठाकुर, लोमन घृतलहरे, नवागांव सरपंच धर्मेंद्र कोसले, बैकोनी के सरपंच महेश मिरी, बछेरा के सरपंच विजय साहू, चौरेगा के उपसरपंच अभिलाष वर्मा, गणेशपुर की सरपंच अर्चना मसीह, अकलतरा के सरपंच नरेंद्र यदु, छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष सनत यदु, ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर जांगड़े, सचिव रोशन साहू, दीपेश, नरेश, सम्मत बाई साहू, भुनेश्वरी साहू, केवल साहू, कुंदन साहू, किशोर साहू सूरज अर्जुन साहू सहित आसपास के अनेक गांवों के सरपंच, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### सख्त कार्रवाई की उठी आवाज

कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को इस संबंध में जानकारी दी गई लेकिन अपेक्षित स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। धरना स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गांवों को नशामुक्त बनाने के लिए अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी रोक लगाना बेहद जरूरी है। उन्होंने मांग की है कि पुलिस एवं आबकारी विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वालों की पहचान करे और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे। साथ ही ऐसे स्थानों पर नियमित निगरानी रखी जाए जहां अवैध शराब बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने थाना प्रभारी व एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल किसी एक गांव का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक हित और आने वाली पीढ़ी के भविष्य का सवाल है।

# धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नैतिकता नहीं, राजनीतिक मजबूरी : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर भाटापारा विधायक इंद्र साव ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह इस्तीफा नैतिकता के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव और मजबूरी का परिणाम है।



इन्द्र साव ने कहा कि यदि भाजपा और धर्मेन्द्र प्रधान में नैतिकता होती, तो मार्च में ही नीट पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद तत्काल इस्तीफा दे दिया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस पूरे मामले को दबाने और युवाओं के अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया, लेकिन जब देशभर में छात्रों और युवाओं का आक्रोश बढ़ा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार इस मुद्दे को उठाते रहे, तब मजबूरी में यह इस्तीफा सामने आया।

इन्द्र साव ने पेपर लीक की घटनाओं को गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताते हुए कहा कि यह अब राष्ट्रीय महामारी का रूप ले चुकी है। उनके अनुसार, केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से अब तक 150 से अधिक पेपर लीक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे करीब 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए हैं। बावजूद इसके, अब तक किसी भी दोषी को सजा नहीं मिलना चिंताजनक है।

#### मोदी सरकार जनता का विश्वास खो चुकी

विधायक साव ने कहा कि वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि केंद्र की मोदी सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर देश के विभिन्न शहरों तक छात्र-युवा सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे हैं, जो सरकार के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश का स्पष्ट संकेत है।उन्होंने प्रधानमंत्री से भी अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए पद से इस्तीफा देने की मांग की। साव ने कहा कि देश के युवाओं में किसी सरकार के खिलाफ इस तरह का आक्रोश पहली बार देखने को मिल रहा है।

# कसडोल में खण्ड स्तरीय बैंकर्स मीटिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की मासिक बैठक सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यतः शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ स्व सहायता समूह लिंकेज एवं ऋण वितरण, एनआरएलएम योजना, कृषको को दिए जाने वाले ऋण किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी व्यवसाय, मछली पालन, पीएम स्वानिधि, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा लोन, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि पर भी चर्चा हुई।

■ योजनाओं के क्रियान्वयन पर फोकस

अग्रणी जिला प्रबंधक शिव कुमार कंवर ने सभी बैंकों को निर्देशित किये कि शासकीय योजना के पुराने खातें जिसमें लेनदेन नहीं हो रहे हैं ऐसे डीफ खातें केवायसी लेकर संचालन में लाएं अथवा खाता बंद कर राशि अन्य शासकीय योजना के खातों में जिला कोषालय अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर स्थानांतरित करें।

डिज़टिल धोखाधड़ी को रोकने के लिए वित्तीय साक्षरता पर जोर देते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशन में आरोह एनजीओ संस्था जो सीएफएल के माध्यम से विभिन्न स्थानों में वित्तीय साक्षरता के लिए किए जा रहे कार्यों में बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी सहयोग प्रदान करें। उक्त बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक शिवकुमार कंवर, जनपद सीईओ कमलेश साहू, पुष्पेंद्र ध्रुव एडीइओ एवं ब्लॉक के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक और एनआरएलएम बिहान के बैंक सखी, बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी उपस्थित रहे।

### जहर सेवन किए युवक की डायल 112 ने बचायी जान

**पलारी।** 27 जुलाई दोपहर करीब 1.30 बजे थाना पलारी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिसदेवरी में एक युवक ने अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और स्थिति चिंताजनक हो गई। सूचना मिलते ही थाना पलारी की डायल 112 की टीम ने पीड़ित को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार जारी है।कंट्रोल रूम से दोपहर 1.30 बजे सूचना मिलते ही पलारी बाज-01 में तैनात आरक्षक राहुल ध्रुव और वाहन चालक हेमंत कुमार दुबे तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। घटना के समय क्षेत्र में अत्यंत तेज बारिश हो रही थी, लेकिन स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए जवानों ने मौसम की परवाह किए बिना ग्राम सिसदेवरी स्थित पीड़ित के घर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा कि विक्टिम ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया था, गंभीर स्थिति में तड़प रहा था। आरक्षक राहुल ध्रुव और चालक हेमंत कुमार दुबे ने परिजनों की मदद से पीड़ित को सावधानीपूर्वक डायल 112 वाहन में बैठाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।

# भोथाडीह में कैबिनेट मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने बलौदाबाज़ार के अंतिम बूथ 337 भोथाडीह में बूथ अध्यक्ष सुखचंद निर्मलकर के घर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि मन की बात सुनने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का उत्साह वर्धन करते हैं जिससे लोगो को प्रेरणा मिलती है आज मन की बात से प्रेरणा लेकर लोग वृक्षारोपण शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई स्थानीय लोगों ने मंत्री को अपने बीच पाकर खुशी जताई स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ दौलत पाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, महामंत्री युगल किशोर वर्मा, रामकुमार साहू, सरपंच प्रतिनिधि धनेश निर्मलकर, पूर्व सरपंच परेतन साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. हेमंत साहू, सोसायटी अध्यक्ष भरत साहू, अनिल साहू, संदीप वर्मा, कामदेव बघमार, लीलाधर साहू, मनोज साहू, डोमार मार्कण्डेय, खोमलाल साहू, मालती साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नपं अध्यक्ष ने सभी सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने नगर पंचायत पलारी अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय विद्यालयों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बीईओ नरेश वर्मा, सीएमओ मनोज बंजारा, बीआरसी जगजीवन जोशी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री पिंटू वर्मा, संकुल समन्वयक भानु ध्रुव, इंजीनियर पोषण साहू, सभापति नेमसिग बाँधे, पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में साफ़-सफ़ाई, रंग-रोगन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, ड्रेस एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ शीघ्र पूर्ण करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों के कक्षों में जलभराव की स्थिति चिंताजनक पाई गई। इस पर तत्काल प्रभाव से समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त भवन निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश भी दिए गए।

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि पलारी जैसे ब्लॉक मुख्यालय के अनेक शासकीय विद्यालयों के भवन 25 से 30 वर्ष पुराने हो चुके हैं, जिनके संधारण एवं नवीन भवनों के निर्माण की आवश्यकता है।

## पेज 9 के शेष

### स्थायी नियुक्ति की..

वापस लिया जा रहा है। वैसे भी देखा जाय तो भाटापारा शहर की आबादी 80 हजार के आसपास है। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र अलग से है, वहीं आपराधिक गतिविधियों में नियंत्रण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की यहां सख्त जरूरत है, क्योंकि कोई भी बड़ी घटना व बड़े अपराध पर नियंत्रण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मार्गदर्शन की जरूरत होती है। इस लिहाज से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की तैनाती के बाद यहां की समस्याओं व कानून व्यवस्था में कसावट कारगार साबित हो रही थी।

### महामाया मंदिर में ...

सिंधोरा निवासी अमन कुमार यादव (22) के रूप में हुई। पुलिस टीम जब आरोपी के घर पहुंची तो पता चला कि वह अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम गबौद चला गया है। इसके बाद पुलिस ने गबौद में घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने मंदिर से आभूषण चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। उसके मेमोरेंडम के आधार पर चोरी किए गए छह सोने के लॉकेट/पत्ती और घटना के समय उपयोग किया गया एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को सोमवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के त्वरित निराकरण के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### तलवार व कटार ...

लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### आंध्रप्रदेश की ऑयल...

रहा था और जबरन रोककर प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की गई थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जिला प्रशासन ने आंध्रप्रदेश प्रशासन और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी मजदूरों को सुरक्षित मुक्त कराया और उन्हें उनके गृह जिला बलौदाबाजार-भाटापारा वापस लाया गया। सुरक्षित वापसी के बाद प्रशासन ने सभी मजदूरों से चर्चा कर उनकी स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

### नई एनओसी बिना...

बारीक ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। दस्तावेजों की जांच और स्थल निरीक्षण के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पूरे मामले में जिला प्रशासन की कार्रवाई पर ग्रामीणों और कंपनी प्रबंधन की निगाहें टिकी हुई हैं।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


28 जुलाई
बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र
के जिला रायपुर के ग्राम टंडवा के विकास का नया अध्याय
01. टंडवा से बैकुंठ मार्ग लम्बाई 2.65 कि.मी. लागत राशि 387.69 लाख
02. दैहानपारा टंडवा से झोपड़ा पारा बैकुंठ तक मार्ग लम्बाई 2.675 कि.मी.
लागत राशि 444.55 लाख कार्य का
भूमिपूजन एवं
01. शास. उच्च, माध्य, विद्यालय टंडवा में प्रार्थना शेड लागत राशि 10 लाख
02. सायकल स्टैंड लागत राशि 5 लाख का
लोकार्पण
मे पधारे समस्त
अतिथियों का
ग्राम पंचायत टंडवा में
सवागत... वंदन..
अभिनंदन..
मान. टंक राम वर्मा जी
कैबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
श्रीमती योगिता कृष्ण कुमार वर्मा
सरपंच - ग्राम पंचायत, टंडवा
विनीत- समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत टंडवा

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो की शहर व ग्रामीण मंडल बैठक में अभियान पोस्टर का विमोचन



बलौदाबाजार। भाजयुमो की बलौदाबाजार शहर एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त बैठक सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेशव्यापी ज्वाइन बीजेवायएम अभियान को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। जिला प्रभारी अंकित द्विवेदी एवं सह प्रभारी सागर वर्मा ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंचाने तथा अधिकाधिक युवाओं को भाजपा युवा मोर्चा से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला महामंत्री विजय यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रणम्य पाण्डेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज परगनिया एवं असीम विश्नोई, जिला महामंत्री प्रशांत यादव, भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष तरुण वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मोहन साहू सहित जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अभियान की रूपरेखा, संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लोकतंत्र की जीत

**सिमगा** | अखिल भारतीय



असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पप्पू अली ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों, छात्रों की एकजुटता और जनभावनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि जब जनता और छात्र शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करते हैं, तो सरकार को अंततः जनता की भावना का सम्मान करना पड़ता है। यह इस्तीफा लोकतंत्र की ताकत का प्रमाण है और यह संदेश देता है कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पप्पू अली ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और जनआवाज़ के सामने सत्ता को जवाबदेह होना ही पड़ता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि केंद्र सरकार भविष्य में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, छात्रों के हितों की रक्षा करने तथा पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करेगी।

### बिनौरी मुक्तिधाम में पौधारोपण



पलारी। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत बिनौरी के मुक्तिधाम में पीपल पौधे का रोपण किया गया तथा सुरक्षा के लिए डबल ट्री गॉर्ड लगाया गया। युवकों ने बरसते पानी में पौधे लगाया, ताकि शोक में शामिल लोगों को छाया मिल सके। इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल पलारी के पूर्व अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष मंतराम साहू, सिद्धेश्वर रक्तदान समिति के संयोजक डॉ. जितेन्द्र साहू, गोकुल यादव, छोटू साहू, मुकेश चेलक, रितिक कुर्रे आदि शामिल थे।

### महुआ शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद**। ग्राम उड़ेला में महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम उड़ेला में बांधा जाने वाले कच्चे रोड सेमर पेड़ के पास कोमल कुमार बंसत पिता गनपत बंसत (38 साल) लोहंडीपुर शराब की बिक्री कर रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महुआ शराब करीबन 10 लीटर कीमत 2000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिला प्रगतिशील सतनामी समाज का प्रतिनिधिमंडल

## बैकलॉग पदों पर भर्ती, शिक्षक पात्रता परीक्षा में छूट सहित सामाजिक विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले एवं प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से विधानसभा अध्यक्ष निवास में सौजन्य मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष कोसले ने समाज के जरूरतमंद लोगों को स्वेच्छा अनुदान से चार लाख की सहयोग राशि प्रदान करने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही रायपुर कार्यालय के लिए एक करोड़ एवं मड़वा गिरौदपुरी धाम धर्मशाला के लिए 50 लाख की राशि जारी कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



### शिक्षक भर्ती में सीटेट अभ्यर्थियों को समान अवसर देने की उठी मांग

प्रदेश अध्यक्ष कोसले एवं प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ने छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के समान बेरोजगार अभ्यर्थियों एवं वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के अंकों में भी सीजी टेट के समान 50% (75 ) अंक प्राप्त करने पर पात्रता मानते हुए उसे सीधी भर्ती पदोन्नति एवं सेवारत शिक्षकों की सेवा गारंटी के तहत पात्र मानकर छूट प्रदान करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर इस संबंध में आवश्यक पहल करने की बात किया।

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि मंडल ने अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बैकलॉग पदों पर छत्तीसगढ़ राज्य में विभाग वर रिक्त पदों का गणना कर अति शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, प्रदेश सह सचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम टांडे, अश्वनी, बबलू, त्रिवेंद्र, गुलाब दास टंडन, चतुर्वेदी जी, एड. राजेंद्र मल्होत्रा, एम मनहर, बसंत जांगड़े, सुखनंदन बघेल, कृष्णा कोसले प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा के प्रति किया प्रेरित

# 67 छात्राओं को मिलीं निःशुल्क सरस्वती साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल।





विकासखण्ड मुख्यालय स्थित मिनीमाता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 67 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, भाजपा मंडल महामंत्री हरिकांत राजू साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राजेश साहू तथा भाजयुमो महामंत्री अजय श्रीवास की उपस्थिति में छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की यह योजना बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने तथा विद्यालय तक उनकी सुगम एवं सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन बनाए रखने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया।

शाला प्राचार्य मीना ठाकुर ने कहा कि साइकिल वितरण योजना से बालिकाओं की शिक्षा में निरंतरता आएगी तथा वे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से साइकिलों का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। महामंत्री हरिकांत राजू साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास के साथ अध्ययन करने तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शाला परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालयीन स्टॉफ, पालकगण सहित कक्षा 9वीं की सभी छात्राएं उपस्थित थीं।

### नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव



बलौदाबाजार। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय पहल मेरा भारत के अंतर्गत शासकीय डीके महाविद्यालय, बलौदा बाजार में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा (गोलू) जायसवाल ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है और उनका स्वस्थ एवं नशामुक्त रहना विकसित भारत के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को इसके प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। वहीं प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन कर नशे के दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।

## जीएनए पीजी कालेज में रोपे गए पौधे



**भाटापारा**। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महाविद्यालय परिसर में विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. ए. आर. सी. जेम्स ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक विद्यार्थी को पौधारोपण के साथ-साथ उसकी नियमित देखभाल का भी दायित्व निभाना चाहिए, तभी यह अभियान सार्थक होगा। कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसके संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वृक्ष हैं तो जीवन है, वृक्ष हैं तो कल है। वृक्ष हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं, पर्यावरण को संतुलित रखते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण जागरूकता का संदेश समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### प्राथमिक शाला चौरेंगा में पौधारोपण

**सिमगा**। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत चौरेंगा एवं प्राथमिक शाला चौरेंगा के संयुक्त तत्वावधान में लगभग 100 पौधे रोपे गये। पौधारोपण का कार्य शाला के लिए उपलब्ध कराये गये खेल मैदान के किनारों में किया गया। प्रधान पाठक मनीराम साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत चौरेंगा में इस बार युवाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला हुआ है। सरपंच विलियम धृतलहरे एवं उप सरपंच अभिलाष वर्मा द्वारा पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच रखते हुए एक नये संकल्प के साथ यह कार्य किया जा रहा है। इन लोगों द्वारा गांव के अन्य खाली जगहों में भी पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है तथा जन सहयोग से ट्री गार्ड भी लगाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्राथमिक शाला चौरेंगा के शिक्षकों सहित हाई स्कूल के प्राचार्य आरके देवांगन, दीनदयाल वर्मा, दिलीप वर्मा, राजू नेताम, करण यादव, राजू वर्मा, खेदन साहू एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।



## साहित्यिक संगोष्ठी में साहित्यकारों का सम्मान पुस्तक का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समरस सृजन साहित्य संस्थान भारत की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा ग्राम कोसरंगी, जिला रायपुर में राज्य स्तरीय विराट साहित्यिक संगोष्ठी, शपथ ग्रहण समारोह, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों साहित्यकारों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कोसरंगी की सरपंच दामिनी मिर्झा ने की। मुख्य अतिथि एवं संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. मुकेश व्यास 'स्नेहिल' रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य समाज को जोड़ने, संस्कारों को सुदृढ़ करने तथा समरसता की भावना को विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने साहित्यकारों से राष्ट्र, समाज और मानवीय मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर सृजन करते रहने का आह्वान किया। विशेष अतिथियों में गायत्री साहू शिवांगी अध्यक्षा, महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़, श्रवण कुमार साहू, लखन लाल साहू लहर, रूपेश देवांगन, राधिका वर्मा, जागृति बघमार, जुगेश चंद्र दास, मंजू रानी दास, धनेश धीवर, चंद्रहास सेन, जितेंद्र निर्मलकर, हरेंद्र साहू, अशोक दास, डॉ. पुरुषोत्तम साहू, तिलक राम साहू सहित मधु कलश साहित्य समिति कोसरंगी के सदस्य उपस्थित रहे।

### जलमग्न हुआ खेत खलिहान



गोपालपुर। सोमवार 27 जुलाई की रात चार बजे क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है, जिससे पूरा अंचल जलमग्न हो गया है। खेत में अधिक पानी होने के कारण धान के पौधे डूब गये हैं। पानी सुखने में कुछ दिन लग सकता है। कोई कोई किसानों के खेतों में इतना पानी भरा हुआ है देखने में तालाब या बांध जैसे दिखाई दे रहा है और किसानों ने अपने खेतों के अधिक पानी निकालने में लगे हैं।

## स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन





**सिमगा**। समीपस्थ ग्राम ओटगन एवं केसदा के प्रायमरी और मिडिल स्कूल में भाजपा महिला मोर्चा मंडल तिल्दा की अध्यक्ष एवं पार्षद रानी सौरभ जैन ने अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों को न्यौता भोज कराया। इसमें खीर, पूरी, दाल, चावल सब्जी परोसी गई। रानी सौरभ जैन ने मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधा रोपण किया। अध्यक्ष जैन ने पांचवी व आठवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, व तृतीय आने वाले बच्चों उपहार भेंट किया।

## ग्रामीणों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा अमृत सरोवर तालाब निर्माण



**भाटापारा**। अमृत सरोवर निर्माण कार्य हेतु ग्राम देवरी में गांव की घास जमीन में अमृत महोत्सव पर भारत सरकार द्वारा अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कराया गया है, जिसका उपयोग निस्तारी, मछली पालन एवं सिंचाई कार्य हेतु किया जायेगा। इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ हिमांशु वर्मा ने बताया कि देवरी के अलावा रामपुर, पासीद सहित अन्य गांवों में अमृत सरोवर बनाया गया है, जो ग्राम के लिए काफी लाभकारी साबित हो रहा है।

## नौ साल में जर्जर हुई हरदी से चितावर तक सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



हरदी से चितावर तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत 2017 में इसका नवनिर्मित किया गया, जो अब 2026 में चलने के योग्य नहीं है। हरदी से चितावर तक सड़क बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुकी हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण इन गड्ढे में पानी भर गया है, जिसका अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। जल भराव के कारण रोजाना हादसा हो रहा है। जल भराव होने के चलते स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है । इस कठिनाई को देखते हुए गांव के लोगों व सभी छात्र-छात्राओं ने शासन से अनुरोध किया है। किसी तरह से बरसात में आने-जाने योग्य बनाया जाए, ताकि आने-जाने में परेशानी ना हो सके ।

### बच्चों की लेखन क्षमता, वर्तनी और आत्मविश्वास में हुआ उल्लेखनीय सुधार

# शिक्षिका भारती ने पूर्ण किया क्रियात्मक अनुसंधान कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



प्राथमिक शाला पौंसरी विकासखंड सिमगा में पदस्थ सहायक शिक्षक भारती वर्मा ने कक्षा पहली के विद्यार्थियों के लिए भाषा शिक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शिक्षिका ने प्राथमिक स्तर के बच्चों में अक्षर पहचान और लेखन सुधार को ध्यान में रखते हुए कक्षा एक के बच्चों को 'छ' और 'क्ष' के अंतर को समझा कर लेखन व वर्तनी में सुधार करना विषय पर एक सफल क्रियात्मक अनुसंधान पूर्ण किया है। यह शोध कार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के तत्वावधान में प्राचार्य जुगल किशोर अग्रवाल के संरक्षण में संपन्न हुआ। अनुसंधान के दौरान डॉ. एम. विजयलक्ष्मी सहायक प्राध्यापक, एससीईआरटी रायपुर ने मुख्य मार्गदर्शक की भूमिका निभाई, जबकि गार्गी चौधरी द्वारा अनुसंधान का सफल समन्वय किया गया। कक्षा पहली के शुरुआती दौर में अक्सर बच्चे ध्वन्यात्मक समानता के कारण 'छ' और 'क्ष' के उच्चारण, पहचान और लेखन में भ्रमित हो जाते हैं। शिक्षिका भारती वर्मा ने अपने इस क्रियात्मक अनुसंधान के माध्यम से सरल, रोचक और बाल-सुलभ गतिविधियों का उपयोग करके बच्चों को दोनों वर्णों की बनावट और उनके सही उच्चारण का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया। इस नवाचार से न केवल विद्यार्थियों की लेखन क्षमता और वर्तनी में गुणात्मक सुधार आया है, बल्कि उनमें भाषा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। डाइट प्राचार्य जुगल किशोर अग्रवाल एवं विभागीय अधिकारियों ने शिक्षिका के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्राथमिक कक्षाओं में भाषा शिक्षण के सुधार की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर,
19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST )
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411